हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 16 अप्रैल 2025

11 वामनदेव की लीला पढ़ाती है विनम्रता व समर्पण ...



12 कष्ट निवारण समिति की बैठक में रखे 15 परिवाद...



## खबर संक्षेप

### 19 को आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर करेंगे प्रदर्शन

**भिवानी।** जिले की आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर 19 अप्रैल को महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी के निवास स्थान पर पोषण ट्रैक्रर में फेस कैप्चर के विरोध में राज्य स्तरीय प्रदर्शन करेंगे। वर्कर्स और हेल्पर को कुशल, अकुशल श्रेणी में रखा जाए । ग्रेजुएटी का लाभ दिया जाए। वर्कर्स से सुपरवाइजर की पदोन्नति वरिष्ठता के आधार पर किया जाए । उन्हें 25 की बजाय 50 प्रतिशत कोटा दिया जाए। राशन का मेनू लाभार्थियों को एक समान दिया जाए।

### पत्नी के लापता होने पर शिकायत दर्ज करवाई

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा क्षेत्र के एक गांव से महिला के लापता होने पर पति ने पुलिस में शिकायत देकर गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया। पुलिस में दी शिकायत में बड़सी जाटान के व्यक्ति ने बताया कि उसकी 40 वर्षीय पत्नी 8 फरवरी को अपने मायके असम के जिला धुबरी में गई थी। जो वहां आज तक नहीं पहुंची। उसने अपनी पत्नी का रिश्तेदारी सहित अनेक स्थानों पर पता किया लेकिन उसका कहीं अता पता नहीं चला। पुलिस ने पति की शिकायत पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

### चोरों ने सूने घर से लाखों की नकदी व गहने चुराए

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में एक व्यक्ति के घर से हजारों के आभूषण, नकदी व सामान चोरी होने का मामला संज्ञान में आया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी। पुलिस में दी शिकायत में वार्ड 14 निवासी विक्की ने बताया कि वह 15 दिन पहले अपने परिवार सहित मजदूरी करने नोएडा दिल्ली गया था। रविवार को अपने घर आकर देखा तो उसके मकान पर लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर संदूक का ताला भी टूटा हुआ था। सामान की जांच करने पर एलईडी 43 इंची, सोने के बाले आदि चोरी पाए गए।

### पुलिस ने मादक पदार्थ ले जाते दो आरोपित पकड़े

**भिवानी।** थाना तोशाम पुलिस ने मोटरसाइकिल पर मादक पदार्थ लेकर आ रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गत 14 अप्रैल को थाना तोशाम के सहायक उपनिरीक्षक राकेश कुमार टीम के साथ गश्त हड़ताल ड्यूटी नजदीक सांगवान नाका मौजूद थे। पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति बाइक पर मादक पदार्थ अफीम लेकर ढाणीमाहू से सांगवान नाका की तरफ आ रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा सूचना की महत्वता को देखते हुए सूचना के आधार पर नाकाबंदी करके बाइक सवार दो व्यक्तियों को काबू कर उनसे मादक पदार्थ अफीम बरामद की गई है। गिरफ्तार किए आरोपियों की पहचान प्रदीप कुमार पुत्र वीरेंद्र निवासी देवसर जिला भिवानी व नरेंद्र पुत्र मनवीर सिंह निवासी देवसर जिला भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने बाइक को कब्जे में लेकर आरोपी नरेंद्र से 172 ग्राम अफीम बरामद की गई है। आरोपी नरेंद्र को न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया है।

### श्रीश्याम बाबा का चतुर्थ संकीर्तन 25 को

**बहल।** श्रीखाटू श्याम मंडल बहल द्वारा श्रीश्याम बाबा का चतुर्थ संकीर्तन 25 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम श्री कृष्ण वाटिका बहल में आयोजित होगा। मंडल कार्यकारिणी सदस्य बबलू शर्मा ने बताया कि श्री खाटू श्याम मंडल द्वारा श्री श्याम बाबा का चौथा विशाल कीर्तन 25 अप्रैल शुक्रवार को रात सवा नौ बजे आयोजित होगा। कीर्तन में गायक कलाकार प्रेरणा मित्तल, राजेश शर्मा, आयुष सिंघल, लक्ष्य गोयल सहित अन्य कलाकारों द्वारा श्याम बाबा के मधुर भजनों का गुणगान किया जाएगा।

### जुई व मिताथल फीडर को किया बंद, सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में छोड़ा पानी

# पांचवें दिन भी नहीं सुधरी स्थिति



**भिवानी।** पानी की कमी के चलते सूखी पड़ी मिताथल फीडर नहर।

### 2250 क्यूसेक की बजाए पहुंचा 1013 क्यूसेक पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

लगातार मुख्यालय में नहरी पानी को लेकर लगातार सम्पर्क साधने के बावजूद भी पानी की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है। हालात ये बने है कि सुंदर ग्रुप की नहरों की बारी के पांच दिन बीत चुके है,लेकिन अभी तक पानी की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। फिलहाल सुंदर ग्रुप को 2250 क्यूसेक की बजाए 1013 क्यूसेक पानी मिल रहा है। पानी की कमी के चलते सिंचाई विभाग ने जुई व मिताथल फीडर को बंद कर दिया है और अब सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी छोड़ दिया है। ताकि सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी पर पड़ने वाले जलघरों तक पानी पहुंचाया जा सके। फिलहाल पानी की कमी की वजह से सिंचाई विभाग की सांसे फूली हुई है। चूंकि अभी तक अधिकांश माइनरों के टेल निल है। खेतों की सिंचाई ही नहीं,जलघर व तालाबों तक भी पानी नहीं पहुंच रहा है। ऐसे में किस तरह से गर्मी के मौसम में जीव जंतुओं का हलक तर हो पाएगा। बताते है कि सिंचाई विभाग ने जिले की नहरों के लिए साढ़े 22 क्यूसेक पानी छोड़े जाने की मांग भेजी थी,लेकिन यमुना में पानी की कमी की वजह से सुंदर ग्रुप की नहरों में मात्र 1013 क्यूसेक ही पानी छोड़ा गया है। पानी कम मिलने की वजह से शुरू के चार दिन जुई फीडर में पानी छोड़ा गया। ताकि उस पर पड़ने वाले जलघरों व तालाबों तक पानी पहुंचाया जा सके। इस दौरान सिंचाई विभाग की 2250 क्यूसेक की बजाए 860 क्यूसेक पानी मिल पाया था। जिस वजह से सिंचाई विभाग ने जुई फीडर में ही पानी चलाया गया। इस दौरान सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी तथा मिताथल फीडर को बंद कर दिया गया था। आज पांचवें दिन पानी में थोड़ी सी बढौतरी हुई तो सुंदर डस्ट्रीब्यूटरी में पानी छोड़ा गया है। अब सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में 1013 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। फिलहाल जुई फीडर तथा मिताथल फीडर को बंद किया गया है। इनके साथ निगाना फीडर को भी बंद किया गया है।

#### पानी पहुंचते ही टूट गया माइनर

सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी से निकाला गया माइनर में आज सुबह पानी पहुंचा था,लेकिन पानी माइनर के अंतिम छोर तक भी नहीं पहुंचा,लेकिन उससे पहले ही टूट गया। जिस वजह से पानी नहीं पहुंच पाया। बताते है कि माइनर के तलहटी में से पानी निकलना शुरू हुआ। माइनर पर तैनात बेलदारों ने पानी को रोकने का प्रयास किया,लेकिन बात नहीं बनी। उसके बाद उन्होंने विभाग के आला अधिकारियों को सूचना दी। सूचना के बाद विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और माइनर में आई दरार को पाटने का कार्य शुरू किया। समाचार लिखे जाने तक माइनर में आई दरार को पाटने का कार्य जारी था।



**भिवानी।** सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी के एक माइनर में पानी पहुंचने के बाद टूटने से निकलता पानी। *फोटो : हरिभूमि*

#### मिताथल में अभी तक नहीं छोड़ा पानी

सप्ताह खतम होने को है,लेकिन मिताथल फीडर में अभी तक एक घुंट भी पानी नहीं छोड़ा गया। चार दिनों तक जुई फीडर में पानी चलाए जाने के बाद मंगलवार को सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी छोड़ा गया है। जुई फीडर पर पड़ने वाले जलघरों के टैंक भरने के बाद अब सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी पर पड़ने वाले जलघरों के टैंकों में पानी भर दिया जाएगा,लेकिन मिताथल फीडर पर पड़ने वाले जलघरों में पानी पहुंचने की उम्मीद न के ही बराबर है। अगर यही स्थिति रही तो आने वाले समय में पीने के पानी को लेकर हाहाकार मच जाएगा।

## शिक्षा बोर्ड के उड़नदस्ते करेंगे विद्यालयों में पुस्तकों की चेकिंग

- अराजकीय विद्यालय अभिभावकों को निजी पब्लिशर्स की महंगी किताबें खरीदने पर मजबूर नहीं कर सकता : डॉ. पवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड चेयरमैन प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार एवं सचिव मुनीश नागपाल ने जारी प्रेस वक्तव्य में बताया कि हरियाणा सरकार के आदेशानुसार प्रदेशभर में कोई भी अराजकीय विद्यालय अभिभावकों को निजी पब्लिशर्स की महंगी किताबें खरीदने पर मजबूर नहीं कर सकता है।

हरियाणा सरकार द्वारा ये कदम अभिभावकों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करने की दिशा में उठाया गया है। उन्होंने आगे बताया कि जल्द ही शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेशभर के विद्यालयों में पढ़ाई जा रही पाठ्य-पुस्तकों की चैकिंग के लिए विशेष उड़नदस्ते गठित किए जाएंगे। बोर्ड द्वारा गठित उड़दस्तों द्वारा चेकिंग के दौरान कोई विद्यालय शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार व शिक्षा बोर्ड के निर्देशों की अवहेलना करता पाया तो उनके खिलाफ बोर्ड द्वारा सम्बद्धता नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं इसे शिक्षा के अधिकार एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लंघन माना जाएगा।

उन्होंने बताया कि निजी विद्यालयों को ऐसी किताबों पर रोक लगा देनी चाहिए, जो न तो जरूरी हैं, और न ही नीति के अनुसार हैं।

## न्यायिक परिसर में 10 को लगेगी लोक अदालत

- इस अदालत के निर्णय के विरुद्ध किसी भी उपरी अदालत में अपील नहीं की जा सकती

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीव काजला ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा प्राधिकरण की अध्यक्ष नरेश कुमार के मार्गदर्शन में आगामी 10 मई को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से मामलों का स्थायी निपटारा किया जाता है तथा इस अदालत के निर्णय के विरुद्ध किसी भी उपरी अदालत में अपील नहीं की जा सकती है। लोक अदालत में मामलों का निपटारा संबंधित पार्टियों की सहमति से किया जाता है, जिसमें न तो किसी पार्टी की जीत होती है और न ही किसी पार्टी की हार होती है। लोक अदालत के माध्यम से मामले निपटाने में समय व धन की बचत होने के साथ-साथ आपसी भाईचारा की भावना भी प्रबल होती है।

## मौसम विभाग ने हीट वेव को लेकर जारी किया अलर्ट

- अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

मौसम विभाग की ओर से क्षेत्र में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है। अगले कुछ दिनों तक जिला का मौसम शुष्क रहने व तेज लू चलने की संभावना है। हीट वेव को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने जिला के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचे रहें।

लू से बचाव के लिए मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस, घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी, नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। उन्होंने कहा कि बच्चों को वाहनों में छोड़कर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें।

ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे के बीच धूप में सीधे न जाएं। यदि चक्कर आए, उल्टी घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं। उन्होंने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों, तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें और हर प्रकार से उनका ख्याल रखें।

## पानी की समस्या को लेकर की नारेबाजी

- लेबर और चिरंजीवी कॉलोनीवासियों को नही मिल रहा पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले एक महीने से लेबर कॉलोनी व चिरंजीवी कॉलोनी में पीने के पानी की सप्लाई नहीं दी जा रही, जिसके विरोध में मंगलवार को कालोनीवासियों बूस्टर पर जनस्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रोष जताया।

क्षेत्रवासी अशोक पंडित व मदनलाल ने बताया कि पेयजल समस्या को लेकर विभाग के एसडीओ व जेई को फोन करते हैं तो वे फोन नहीं उठाते और न ही कोई रिस्पांस देते हैं।क्षेत्रवासियों ने बताया कि कॉलोनी के टैंक में लीकेज है, जिससे पानी टैंक में खाली हो जाता है और घरों तक पानी पहुंचना मुश्किल हो जाता है। कॉलोनीवासियों ने टैंक की रिपेयर करवाने की विभाग से अपील की है। बता दें कि कॉलोनीवासी विधायक व उपायुक्त को पीने के पानी की सप्लाई को लेकर शिकायत कर चुके है, लेकिन पानी की समस्या का कोई हल नहीं हुआ। कालोनीवासियों ने बताया कि अगर जल्दी ही समस्या का हल नहीं हुआ तो कॉलोनी निवासी रोड जाम करेंगे। इस अवसर पर रमेश कुमार, अशोक, महाबीर सिंह, महेश, रमेश सिंह, राजकुमार, संजीत, राजकुमार, अमीलाल, रंजीत, अमित, दिनेश, सन्नी, मोगली, पुलकित, रामनिवास, जगमाल सिंह, अनूप कुमार व रघुबीर सिंह आदि मौजूद थे।



**भिवानी।** पेयजल समस्या को लेकर रोष जताते क्षेत्रवासी। *फोटो : हरिभूमि*

## ऑनलाइन डायरी के विरोध में 17 को होगा विरोध प्रदर्शन

- हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन एमआईएस पोर्टल पर शिक्षक डायरी लिखने के आदेश जारी किए गए हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा 17 अप्रैल को ऑनलाइन डायरी के विरोध में किए जाने वाले विरोध प्रदर्शन के लिए हसला व विद्यालय अध्यापक संघ समर्थन में आये। तीनों संगठनों के पदाधिकारियों की मीटिंग हुई, जिसमें निर्णय लिया कि तीनों संगठन मिलकर 17 तारीख को तीन बजे लघु सचिवालय पर ऑनलाइन डायरी अपलोड करने के विरोध में प्रदर्शन कर ज्ञापन देंगे। हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा ऑनलाइन एमआईएस पोर्टल पर शिक्षक डायरी लिखने के आदेश दिए हैं, जो पूरी तरह से अव्यावहारिक है, क्योंकि अध्यापक पहले से ही ऑफलाइन डायरी लिख रहे है।

### केवल शिक्षण कार्य करवाएं

अध्यापकों को शिक्षण कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्यों में व्यस्त रखने का ये स्पष्ट प्रयास है। इसके विरोध में शिक्षा विभाग के तीनों संगठन 17 अप्रैल को 3 बजे से लघु सचिवालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौपेंगे। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान भूपेंद्र चाहर, हसला जिला प्रधान महेन्द्र मान ने कहा कि ऑनलाइन कार्य के निर्णय केवल समय की बर्बादी है और शिक्षक को शिक्षण के अतिरिक्त अन्य कार्यों में उलझाए रखने का षड्यंत्र है। इससे केवल बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव ही नही पड़ेगा, बल्कि अन्य किसी प्रकार की उत्पादकता भी नहीं होगी। उन्होंने सरकार से अपील की कि ऐसे निर्णय तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाएं और इसके साथ-साथ अन्य गैरशैक्षणिक कार्यों से भी अध्यापकों को मुक्त रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षको को केवल शिक्षण कार्य ही करवाया जाना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हमला भिवानी खंड प्रधान अशोक, कैरू प्रधान सुरेंद्र नलवा, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य सह सचिव शोभित सांगवान, भिवानी प्रधान राम अवतार यादव, अध्यापक संघ महासचिव सुमेर आर्य, भिवानी खंड प्रधान संजय कुमार, हसला जिला संरक्षक रामधन, विजेंद्र बडाला, कुलदीप, स्नेह, नीरज व पिंकी आदि उपस्थित रहे।

## जीतूवाला जोहड़ पर गोली चलाने के मामले में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल द्वारा जिला पुलिस व अपराध यूनिट को जिले में संगीन अपराध की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए हुए हैं, जो इन्हीं निर्देशों के तहत कार्रवाई करते हुए स्टाफ-2 ने जीतूवाला जोहड़ पर गोली चलाने के मामले में मुख्य आरोपी सहित दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गत 11 अप्रैल को सुबह के समय विनोद उर्फ बिन्नू निवासी जीतूवाला जोहड़ अपने दो साथियों के साथ दिनोद रोड की तरफ जा रहे थे, तभी कुछ व्यक्तियों ने विनोद व उसके साथियों पर हमला कर दिया था, जिसमें दूसरे पक्ष के द्वारा विनोद व उसके साथी प्रशांत पर गोली चलाई थी, जिसमें दोनों घायल हो गए थे और इलाज के लिए सामान्य अस्पताल में दाखिल करवाया था। थाना शहर पुलिस ने घायल विनोद की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना शहर में दर्ज किया था।

#### तीन आरोपियों को बापोड़ा से दबोचा

सीआईए स्टाफ-2 के उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने अभियोग में तीन आरोपियों को बापोड़ा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साहिल पुत्र संजय निवासी बृजवासी कॉलोनी भिवानी, वीरपाल पुत्र रंजीत निवासी बृजवासी कॉलोनी भिवानी व नितिन पुत्र देवानंद निवासी ब्रह्मा कॉलोनी भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने उपरोक्त तीनों आरोपियों को न्यायालय में आज पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड पर हासिल किया। गिरफ्तार मुख्य आरोपी साहिल ने ही विनोद व उसके साथी पर गोली चलाई थी। आरोपी साहिल ट्रक ड्राइवर है, वह आरोपी पर पहले एक आर्म्स एक्ट व एक लड़ाई झगड़े का अभियोग दर्ज है। वहीं अभियोग में गिरफ्तार दूसरे आरोपी वीरपाल मेहनत मजदूरी का काम करता है, जिस पर लड़ाई झगड़े के पांच अभियोग दर्ज हैं। अभियोग में गिरफ्तार तीसरा आरोपी नितिन भी ड्राइवर है।

### वक्फ बोर्ड संशोधन बिल से पिछड़े वर्ग की मुस्लिम समुदाय की महिला व बच्चों को मिलेगा लाभ

## विश्व में भारत का बज रहा डंका : सांसद किरण

- भारत की प्रतिष्ठा के विदेशी अनुभव सांसद ने किए सांझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं सफल कूटनीति के कारण विश्व में भारत का डंका बज रहा है। भारत विकसित देश की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के हिसार में महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट व यमुना नगर को 800 मेगावाट अतिरिक्त यूनिट का शुभारंभ कर प्रधानमंत्री मोदी ने विकास के द्वार खोले हैं। इनसे प्रदेश में स्वार्गीण विकास होगा। आय के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढेंगे। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड संशोधन बिल जरूरतमंद मुस्लिम परिवारों के हित में है। इस बिल से पिछड़े वर्ग मुसलमानों की महिला व बच्चों को भी वक्फ संपत्ति का लाभ मिलेगा। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी मंगलवार को विजय नगर स्थित अपने निवास स्थान पर पत्रकार वार्ता उपरांत लोगों की समस्याएं सुन रही थी।



**भिवानी।** खुले दरबार में लोगों की समस्याएं सुनती सांसद किरण चौधरी।

#### राज्य सभा सांसद ने सुनी लोगों की समस्याएं

राज्य सभा सांसद किरण चौधरी ने एक-एक करके सैकड़ों लोगों की बिजली, पानी, सीवरेज, कानूनी कार्रवाई करनें, सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से संबंधित, राशन कार्ड व विभिन्न सामाजिक पेंशन का लाभ लेने से संबंधित समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जरूरतमंद व्यक्ति को बिन मांगे घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। इस अवसर पर चेयरमैन शीशराम गोलागढ़, एडवोकेट हरि सिंह सांगवान, ठा. अमर सिंह, कृष्ण लेघा, विजय खोरड़ा, प्रदीप गोलागढ़, दिलबाग निमड़ी, वासु शर्मा, रोहतास दहिया, सत्यनारायण शर्मा, जय सिंह वाल्मीकी, सत्यवान हसान व सहित सेकड़ों कार्यकत्रा मौजूद रहे। किरण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिसार में मुसलमानों के हितों को लेकर अपने वक्तव्य में जो बात कही है, उससे स्पष्ट होता है कि प्रधानमंत्री मुस्लिम समुदाय के हितों को लेकर कितने गंभीर है। हालही में वक्फ संशोधन विधेयक-2024 के तहत कुछ संशोधन किए गए, जिसके चलते अब मुस्लिम समुदाय के लोगों को वक्फ बोर्ड की संपत्ति का वास्तविक लाभ मिल सकेंगा।



# 18 को रिलीज होगी 'केसरी : चैप्टर 2'

**मुंबई।** 'केसरीः चैप्टर 2' 18 अप्रैल 2025 को रिलीज हो रही है। फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन के अलावा अनन्या पांडे भी हैं। ये फिल्म वकील शंकरन नायर के परपोते रघु पलात और उनकी पत्नी पुष्पा की लिखी किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर आधारित है। फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की कहानी पर आधारित है। दिल्ली में स्पेशल स्क्रीनिंग में नेताओं ने फिल्म की तारीफ की। साल 2019 में खिलाड़ी अक्षय कुमार ने केसरी फिल्म से धुआं उड़ा दिया था। अब 5 साल के बाद वह फिर से इसका सीक्वल लेकर लौट रहे हैं।



## लाइफ Style

# प्रियंका

## हॉलीवुड कॉमेडी फिल्म का बनीं हिस्सा

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम एक और हॉलीवुड फिल्म से जुड़ गया है। वह निकोलस स्टोलर की आगामी कॉमेडी प्रोजेक्ट में 'बेवॉच'के को-स्टार जैक एफ्रॉन के साथ फिर से जुड़ रही हैं। आगामी फिल्म में माइकल पेना और विल फेरेल भी हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिल्म में रेजिना हॉल, जिमी टैट्रो और बिली आइचनर भी हैं। निकोलस अपनी खुद की स्क्रिप्ट से फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी हालिया फीचर फिल्म 'यू आर कॉर्डियली इनवाइटेड' में सहयोग करने वाले स्टूडियो के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। आगामी कॉमेडी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और माइकल की भूमिकाओं को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े विवरण अभी भी गुप्त रखे गए हैं। वहीं, प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कास्टिंग अनाउंसमेंट की एक झलक शेयर करके इस प्रोजेक्ट में अपनी भागीदारी की पुष्टि भी की, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के कोरापुट में शूटिंग शेड्यूल पूरा किया है। इस फिल्म में महेश बाबू भी हैं। राजामौली के पिता, लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने 'एसएसएमबी 29' की कहानी लिखी है और कहा जाता है कि यह इंडियाना जोन्स की तरह ही एक एक्शन-एडवेंचर है। इसके अलावा प्रियंका के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' है। वह 'द ब्लफ' में में भी नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# टीवी सीरीज के कलाकारों की घोषणा

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को लेकर प्रशंसकों में हमेशा से ही उत्साह रहा है। हैरी पॉटर की टीवी सीरीज में कौन से कलाकार किसका रोल निभाएंगे, इस बात का खुलासा कर दिया गया है। हैरी पॉटर की सीरीज में अल्बस डंबलडोर के रोल में जॉन लिथगो नजर आएंगे। वहीं, मिनर्वा मैकगोनागल के रोल में जेनेट मैकटीर और सेलेरस स्नेप के रोल में पापा एस्सीडू नजर आएंगे। वहीं, रुबस हैग्रिड का खास रोल निक प्रॉस्ट निभाएंगे। इन सभी के अलावा ल्यूक थैलोन क्विरिनस क्विरेल के किरदार में नजर आएंगे।





# कैटी ने अंतरिक्ष में गाया खूबसूरत गाना

**लॉस एंजिल्स।** कैटी पेरी अपनी 5 सदस्यीय महिला दल के साथ अंतरिक्ष की यात्रा कर लौट आई हैं। कुल 11 मिनट की यात्रा के दौरान वह चार मिनट अंतरिक्ष में रहीं। इस दौरान उन्होंने वहां एक खूबसूरत गाना भी गाया। धरती पर लौटते ही कैटी ने जमीन को चूमा, कहा कि यह मां बनने के बाद उनकी जिंदगी का दूसरा सबसे इमोशनल पल है। कैटी ने खुलासा किया कि उन्होंने उड़ान के दौरान 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' गाना भी गाया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस अनुभव ने मुझे यह दिखाया है कि आप अपने अंदर भरे प्यार को कभी नहीं जान सकते, जैसे कि आपको कितना प्यार देना है और आपसे कितना प्यार किया जाता है।' कैटी पेरी ने उड़ान भरने के दौरान अपने साथ एक डेजी का फूल भी रखा था। यह उनकी बेटी डेजी के लिए था।



# रेखा-साधना को देखकर सीखा डांस...


**मुंबई।** रवीना टंडन 90 के दशक में एक्टिंग के अलावा फिल्मों में अपने डांस को लेकर भी चर्चा में रहती थीं, अब बेटी राशा थडानी से उनकी राह पर चल रही हैं। अपनी डेब्यू फिल्म में राशा थडानी ने एक डांस नंबर 'ऊई अम्मा' भी किया था, इस गाने में उनके डांस को काफी पसंद किया गया। हाल ही में राशा ने बताया कि कैसे वह पहली ही फिल्म में इतना अच्छा डांस कर पाईं। साथ ही इस काम में मां रवीना टंडन ने कैसे उनकी मदद की? राशा थडानी ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क से की गई बातचीत में बताया कि मां रवीना टंडन ने डांस सीखने में काफी मदद की। राशा कहती हैं, 'मां ने मुझे रेखा, साधना जैसी एक्ट्रेस की पुरानी डांस वीडियो देखने को कहा। साथ ही सरोज खान जी की डांस ट्रेनिंग को भी देखने की सलाह दी।



# देसी अंदाज देखने पहुंच रहे दर्शक

**मुंबई।** सनी का देसी अंदाज और फिल्म की जोरदार कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही है। 'जाट' ने वीकेंड के बाद भी अपनी पकड़ बनाए रखी। अगर, यह रफ्तार बनी रही तो यह फिल्म जल्द ही अपनी लागत पार कर सकती है। सनी देओल की 'जाट' दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई। पांचवें दिन फिल्म ने सात करोड़ 50 लाख रुपए की शानदार कमाई की, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन अब 47.75 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। पांचवें दिन फिल्म ने 15 करोड़ रुपए जुटाए, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 101.3 करोड़ रुपए हो गया है। एक्शन के साथ फिल्म की कहानी लोगों को पसंद आ रही है।

## टीवी मसाला



# छोटे पर्दे पर भी तमन्ना ने खूब कमाया नाम

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में हैं। तमन्ना फिल्म में शिव भक्त बनी हैं और लोगों की मदद करती हैं। तमन्ना भाटिया ने साउथ की फिल्मों में काम करने के अलावा हिंदी फिल्मों जैसे 'बबली बाउंसर', 'एंटरटेनमेंट', 'हिम्मतवाला' और 'वेदा' में काम किया है। तमन्ना ने फिल्मों के अलावा कई टीवी सीरीज में काम किया है।

***जी करदा :*** जी करदा भारतीय हिंदी ड्रामा है। इसे अरुणिमा शर्मा ने निर्देशित किया था। यह 2023 में प्राइम वीडियो के लिए बनाया गया था। तमन्ना भाटिया ने इसमें अहम रोल निभाया था। इसके लिए उन्हें 2023 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

***आखिरी सच :*** आखिरी सच हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली टीवी सीरीज है। इसका निर्देशन रब्बी ग्रेवाल ने किया था। सीरीज के लीड रोल में तमन्ना भाटिया थीं। वह इस सीरीज में पुलिस अफसर बनी थीं। यह सीरीज बुराड़ी मर्डर पर बनी थी। इसे डिज्नी हॉटस्टार पर जारी किया गया था। इसमें अदाकारी करने के लिए भी तमन्ना भाटिया को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला।

***नवंबर स्टोरी :*** नवंबर स्टोरी तमिल भाषा की टीवी सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर का निर्देशन इंदिरा सुब्रमण्यन ने किया है। इसके लीड रोल में तमन्ना भाटिया हैं। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर 20 मई 2021 को रिलीज हुई थी। इसे स्ट्रीमिंग ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया।

***मास्टर शेफ इंडिया- तेलुगू सीजन 1 :*** मास्टर शेफ इंडिया तेलुगु भाषा का टीवी शो है। इसके पहले 6 एपिसोड को तमन्ना भाटिया ने होस्ट किया। यह 27 अगस्त 2021 से 27 नवंबर 2021 तक जेमिनी टीवी पर प्रसारित किया गया।

***11 हॉवर :*** '11 हावर' तेलुगू भाषा की क्राइम थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का निर्देशन प्रवीण सत्तारू ने किया। इसमें तमन्ना भाटिया लीड रोल में थीं।

***सपने सुहाने लड़कपन के :*** 'सपने सुहाने लड़कपन के' एक टेलीविजन शो है। यह मई 2012 से जनवरी 2015 तक जी टीवी पर प्रसारित हुआ। इस शो के होली वाले एपिसोड में तमन्ना भाटिया नजर आईं थीं।

# एसीपी आयुष्मान ने आते ही प्रद्युमन की मौत पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर सीरियल सीआईडी 2 में लंबे समय से शो का हिस्सा रहे एसीपी प्रद्युमन का किरदार खत्म हो गया है। शो में एसीपी प्रद्युमन के किरदार में दिख रहे शिवाजी साटम का रोल खत्म होने के बाद अब पार्थ समथान ने एसीपी आयुष्मान बनकर शो में एंट्री की है। लेकिन, आयुष्मान की एंट्री के बाद से ही उनकी सीआईडी की पुरानी टीम के साथ टशन दिख रहा है। एसीपी प्रद्युमन के बेहद खास रहे अभिजीत और दया उनकी मौत के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं, लेकिन एसीपी आयुष्मान उन्हें अपने इमोशन पर काबू रख काम पर ध्यान देने की नसीहत देता है, जिसका बाद उसकी टीम से अनबन हो जाती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आते हैं।



सीआईडी 2 के प्रोमो में एसीपी आयुष्मान के रोल में दिख रहे एक्टर पार्थ समथान अभिजीत और दया से कहते हैं, कब तक एसीपी प्रद्युमन की मौत पर आंसू बहाओगे। अपने दर्द, इमोशन और आंसू की पोटली बनाकर इसे ऑफिस के बाहर लटका कर आया करो। सीन में देखा गया कि अभिजीत और दया गुस्से से आयुष्मान को घूरते नजर आते है। इसके साथ शो के दौरान भी दया और अभिजीत की आयुष्मान के साथ बहस होती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। वो कहते हैं, 'मुझे केवल परिणाम प्रभावित करते हैं। दया तुरंत उन्हें आश्वस्त करते हैं।

# इन मुस्लिम अभिनेत्रियों ने हिंदू नाम रखकर कमाई खूब शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्रियां हुईं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से लोगों को दीवाना बना दिया। उनके अभिनय की लोग आज भी सराहना करते हैं। हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों को बारे में जानेंगे, जिनके नाम को सुनकर लगता है कि वो हिंदू है, लेकिन हकीकत में वह मुस्लिम हैं। इन सभी ने अपना नाम बदलकर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई और खूब नाम कमाया।



**तब्बू :** अभिनेत्री तब्बू ने बॉलीवुड ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी खूबसूरती और एक्टिंग के लाखों दीवाने हैं। उन्होंने कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का असली नाम तबस्सुम फातिमा है।




**रीना रॉय :** 80 के दशक की अभिनेत्री रीना रॉय ने अपनी अदाकारी से बहुतों को प्रभावित किया है। उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री ने का असली नाम सायरा अली है।



**मीना कुमारी :** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 'ट्रेजडी क्वीन'के नाम से मशहूर अभिनेत्री को भारत की सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक माना जाता हैं। उनकी अदाकारी और खूबसूरती का आज भी लोग तारीफ करते हैं। अभिनेत्री का असली नाम मीना कुमारी नहीं, बल्कि 'महजबीं बानो' था। अपने 33 साल के कॅरियर में उन्होंने 90 से ज्यादा फिल्में की हैं।



**मधुबाला :** मधुबाला के अभिनय कौशल और सुंदरता की प्रशंसा करते हुए आज भी लोग नहीं थकते। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अतुलनीय योगदान दिया है। वह अपने दौर की सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। मधुबाला का असली नाम मुमताज जहां बेगम देहलवी था। हालांकि, लंबे समय तक उनके प्रशंसक उन्हें नाम की वजह से हिंदू ही समझते रहे हैं।



**मान्यता दत्त :** संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त का नाम भी इस सूची में शामिल है। संजय दत्त से शादी करने से पहले वह फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मान्यता का असली नाम दिलनवाज शेख है।

## हसरत जयपुरी की कलम से निकले सदाबहार गाने आज भी हैं प्रासंगिक

# 11 रुपए की सैलरी पर बस कंडक्टर के रूप में शुरू किया काम

*नई दिल्ली। हसरत जयपुरी हिंदी सिनेमा के उन गीतकारों में से एक हैं, जिनकी लेखनी ने न केवल गीतों को अमर किया, बल्कि लाखों दिलों को भी छुआ। उनकी शायरी और गीतों में प्यार, दर्द, और जिंदगी के रंग इतनी खूबसूरती से उभरकर सामने आए कि वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय हुआ करते थे।*

**इकबाल हुसैन था असली नाम :** हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को राजस्थान के जयपुर में हुआ था। उनका असली नाम इकबाल हुसैन था, लेकिन शायरी की दुनिया में उन्होंने 'हसरत जयपुरी' के नाम को अपनी पहचान बनाया। उनके पिता, नाजिम हुसैन सेना में कार्यरत थे, जबकि उनकी मां फिरदौसी बेगम एक गृहिणी थीं, जिन्हें शायरी से गहरा लगाव था। मां की यह रुचि हसरत को विरासत में मिली। आगे चलकर इसी चीज ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी।

**20 साल की उम्र में लिखनी शुरू कीं कविताएं :** हसरत ने प्रारंभिक शिक्षा जयपुर में ही प्राप्त की। उन्हें असली तालीम उनके नाना फिदा हुसैन 'फिदा' से मिली, जो एक मशहूर शायर थे। नाना से हसरत ने उर्दू और फारसी की बारीकियां सीखीं, जिसने उनकी शायरी को गहराई दी। बीस साल की उम्र तक हसरत ने कविताएं लिखना शुरू कर दिया था। उनकी रचनाओं में प्रेम और जिंदगी के प्रति एक अनूठा दृष्टिकोण झलकता था।



**शायरी में प्रेम की मासूमियत झलकती थी :** हसरत जयपुरी का कॅरियर एक साधारण बस कंडक्टर के रूप में शुरू हुआ। 1940 में रोजगार की तलाश में वह जयपुर से मुंबई आ गए। यहां उन्हें बेस्ट बस में कंडक्टर की नौकरी मिली, जिसके लिए उन्हें मात्र 11 रुपए मासिक वेतन मिलता था। दिनभर बस में काम करने के बाद रात में वह मुशायरों में अपनी शायरी सुनाया करते थे। उनकी शायरी में जिंदगी का दर्द और प्रेम की मासूमियत इतनी खूबसूरती से झलकती थी कि लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

**इन फिल्मों के लिए लिखे सुपरहिट गाने :** बरसात की सफलता के बाद हसरत जयपुरी, राज कपूर, और शंकर-जयकिशन की तिकड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी गीत दिए। हसरत ने राज कपूर की फिल्मों जैसे आवारा, श्री 420, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, और मेरा नाम जोकर के लिए यादगार गीत लिखे। 1966 और 1972 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। उनकी खासियत थी कि वह साधारण शब्दों में गहरी बातें कह जाते थे। उनकी लेखनी में प्रेम, देशभक्ति, और सामाजिक मुद्दों का सुंदर समावेश होता था।

**राज कपूर के साथ खूब जमी जोड़ी :** एक मुशायरे में उनकी मुलाकात अभिनेता पृथ्वीराज कपूर से हुई, जो उनकी शायरी से बेहद प्रभावित हुए। पृथ्वीराज ने अपने बेटे राज कपूर, को हसरत से मिलने की सलाह दी। उस समय राज कपूर अपनी फिल्म बरसात (1949) की तैयारी कर रहे थे। हसरत ने इस फिल्म के लिए अपना पहला गीत 'जिया बेकरार है, छाई बहार है' लिखा, जिसे शंकर-जयकिशन ने संगीतबद्ध किया। यह गीत सुपरहिट हुआ, और इसके साथ ही हसरत जयपुरी का नाम हिंदी सिनेमा में गूंजने लगा।

## प्रेमिका के लिए लिखी लाइन हुई खूब मशहूर

हसरत जयपुरी का निजी जीवन भी उनकी शायरी की तरह रंगों से भरा और भावनात्मक था। बीस साल की उम्र में उन्हें अपने पड़ोस की एक हिंदू लड़की, राधा से प्रेम हो गया था। इस प्रेम ने उनकी लेखनी को और निखारा। हसरत ने एक साक्षात्कार में कहा था, 'प्रेम का कोई धर्म नहीं होता।' उन्होंने राधा के लिए एक कविता लिखी थी, 'ये मेरा प्रेम पत्र पढ़ कर, के तुम नाराज़ न होना,' जो बाद में फिल्म संगम (1964) का हिस्सा बनी और देशभर में मशहूर हुई। हसरत जयपुरी की निजी जिंदगी की बात करें तो शादी के बाद उनकी पत्नी ने एक बेटे का जन्म दिया। बेटे के जन्म पर उन्होंने जो पंक्तियां लिखीं वो थीं, 'तेरी प्यारी-प्यारी सूरत को किसी की नजर न लगे,' यह लाइनें भी फिल्म ससुराल (1961) का हिस्सा बनीं।

## खबर संक्षेप

### रोहनात के लोगों को नहीं मिल रहा न्याय : शर्मा

**बवानीखेड़ा।** गांव रोहनात के लोग आज भी अपने आपको गुलाम समझते हैं। इसी को लेकर 14 अप्रैल को वृंदावन में अखिल भारत हिन्दू महासभा में भारत के शहीदों के वंशज एकत्रित हुए और महाराणा प्रताप, भगत सिंह के वंशज भी मौजूद हुए जिसमें रोहनात के लोग भी मौजूद थे। महासभा की अध्यक्षता बोस के साथ शहीद जन कल्याण समिति रोहनात में हुई। समिति प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि 1857 की क्रांति में रोहनातवासियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया जिसके परिणामस्वरूप अंग्रेजी सरकार ने पूरे गांव की जमीन निलाम करते हुए लोगों को फांसी पर लटका दिया जिसके गावाह गांव में बरगद का पेड़ आज भी मौजूद है तथा बाकि लोगों को बंदी बनाकर हांसी रोड़ रोलर के नीचे पीस दिया गया जिससे खून लाल हो गई और उस सड़क का नाम लाल सड़क पड़ गया जो आज भी गवाही दे रही है। प्रधान विनोद शर्मा की मानें तो आजादी के इतने वर्ष बाद भी वे अपने आपको गुलाम समझते हैं क्योंकि उनकी उठाई गई मांगों पर सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। श्रीमती राजश्री के साथ हुई मीटिंग में शहीद गल्याण समिति रोहनात ने अपने एतिहासिक कागजात दिए जिसमें गांव की निलामी की बहाली का ठोस आश्वासन दिया तथा आगे की मीटिंग के लिए समय का ब्यौरा दिया।

### बार एसो. पदाधिकारियों ने सांसद से की मुलाकात

**भिवानी।** मंगलवार को भिवानी बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप तंवर और बार एसोसिएशन के सदस्यों ने भिवानी विजय नगर निवास स्थान पर मुलाक़ात की। इस दौरान किरण चौधरी ने उन्हे जीत की बधाई दी। बार् एसोसिएशन के प्रधान संदीप तंवर व सदस्यों ने किरण चौधरी का धन्यवाद किया। इस मौके पर नवनियुक्त प्रधान संदीप तंवर ने कहा कि राज्य सभा सांसद किरण चौधरी ने पहले भी और अब भी जनता के हितों की मांग उठाती है। जनहित में अनेक कार्य करवाए है। जिनका फायदा जनता को मिल रहा है।

### स्तनपान के लिए चलेगा जागरुकता अभियान

**चरखी दादरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारण ने बताया कि पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण 22 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा है। पोषण अभियान का लक्ष्य ओद्योगिकी और परम्परा के मिश्रण से बच्चों और महिलाओं के बीच स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़ा 2025 में बच्चे के जीवन के पहले एक हजार दिनों पर केंद्रित है, क्योंकि यह बाल विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि है। जिला के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 0 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए वजन दिवस का आयोजन किया जाएगा। मातृत्व पोषण तथा स्तनपान के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। शून्य से 2 वर्ष के बच्चों के टीकाकरण के लिए विशेष तौर पर घर-घर जाकर किया जाएगा। जन समुदाय के अंदर पोषण ट्रैकर के प्रति जागरूकता फैलाई जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों व माताओं के लिए पौष्टिक थाली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

---

श्रीमद्भागवत में महत्वपूर्ण स्थान रखता भगवान वामनदेव का अवतार

# वामनदेव की लीला पढ़ाती है विनम्रता व समर्पण का पाठ

- भगवान वामनदेव ने दो कदमों में ही पूरी धरती व स्वर्ण को ढक लिया था : भट्ट
- पुराना शहर स्थित ब्राह्मण भवन में नव हिंदू वर्ष के अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

*भगवान अपने भक्तों को अंहकार से बचाने के लिए कैसे कार्य करते हैं, भले ही उन्हें अपना रूप बदल लेना पड़े। यह लीला हमें सिखाती है कि भौतिक लाभों की तुलना में आध्यात्मिक लाभ अधिक महत्वपूर्ण हैं वामनदेव की लीला विनम्रता, भक्ति और समर्पण का गहन पाठ पढ़ाती है:* ***कथावाचक करिश्मा भट्ट***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

श्रीमदभागवत कथा वाचक करिश्मा भट्ट ने कहा कि भगवान वामनदेव का अवतार श्रीमद्भागवतम् में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वामन भगवान की लीला का महत्व बहुत गहरा है। वामनदेव ने तीन पग भूमि मांगी, जो देखने में बहुत ही मामूली और महत्वहीन थी। हालांकि जैसे ही बलि महाराज ने उनकी मांग स्वीकार की, भगवान ने अपना रूप पूरे ब्रह्मांड को ढकने के लिए फैला लिया। अपने पहले कदम से उन्होंने पूरी धरती को ढ़क लिया, दूसरे कदम से स्वर्ग को ढक लिया और फिर भगवान ने बलि से पूछा कि वे अपना तीसरा कदम कहां रखें, क्योंकि अब ढकने के लिए और कोई भूमि नहीं बची थी। इस समय बलि महाराज को वामनदेव की दिव्य प्रकृति का एहसास हुआ और उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के भगवान के तीसरे चरण के लिए अपना सिर अर्पित कर दिया, ये कार्य भगवान के प्रति बलि महाराज के पूर्ण समर्पण का प्रतीक था, जो उनकी अटूट भक्ति एवं विनम्रता को दर्शाता था। कथावाचक करिश्मा भट्ट आज पुराना शहर स्थित बा्रह्मण भवन में इन दिनों नव हिंदू वर्ष के अवसर पर आयोजित श्रीमदभागवत के आधार पर विविध प्रसंगों के माध्यम से जीवन में प्रभु की भक्ति से अधिक कोई वस्तु या भौतिक पदार्थ हमें सुख नहीं सकता को सरलता से समझा रही थी। उन्होंने कहा कि ये लीला विनम्रता, भक्ति, समर्पण, और दान की भावना का प्रतीक है. यह दर्शाती है कि भगवान अपने भक्तों को अंहकार से बचाने के लिए कैसे कार्य करते हैं, भले ही उन्हें अपना रूप बदल लेना पड़े। यह लीला हमें सिखाती है कि भौतिक लाभों की तुलना में आध्यात्मिक लाभ अधिक महत्वपूर्ण हैं वामनदेव की लीला विनम्रता, भक्ति और समर्पण का गहन पाठ पढ़ाती है। यह दर्शाती है कि भगवान दंड देने के लिए नहीं, बल्कि अपने भक्तों को ऊपर उठाने और महिमामंडित करने के लिए हस्तक्षेप करते हैं। भगवान केवल बलि महाराज को हराने के लिए ही नहीं, बल्कि सद्भाव को बहाल करने तथा धार्मिकता को बनाए रखने के लिए भी प्रकट हुए। बतौर मुख्य पुजारी सनातन धर्म प्रदेश प्रचार मंत्री आनन्द शास्त्री ने समस्त धार्मिक आयोजन को वेद मंत्रों सहित संपन्न करवाया। उन्होंने बताया कि बतौर मुख्य यज्ञमान आज कथा में संजय कुमार गर्ग ने सहपरिवार शिरकत की। इस दौरान मोहनदेव पुजारी, सावित्री, सुनीता, रेखा, अनीता वागला, सरला, कृष्णा, सन्तोष जैन, कुसुम, सावित्री, जानकी, डॉ. सुनीता, सन्तोष, जया आदि मौजूद रहे।



भिवानी। श्रीमदभागवत कथा का वाचक करती कथावाचक करिश्मा भट्ट।

---

*आपात स्थितियों में सुरक्षित रहने की जानकारी दी*

# फायर सेफ्टी अवेयरनेस पर कार्यक्रम किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जेसीआई भवानी स्टार की जेजे विंग द्वारा भिवानी फायर बिग्रेड के फायरमैन टीम के सहयोग से मंगलवार को स्थानीय पीम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में फायर सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और शिक्षकों को अग्निकांड जैसी आपात स्थितियों में सुरक्षित रहने की जानकारी और प्रशिक्षण देना था। यह जानकारी देते हुए जेसीआई भिवानी स्टार के मीडिया इंचार्ज कपिल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य डा. कुलवंत कौर व डा. मनोज शर्मा एवं जेसीआई भिवानी स्टार के प्रधान जेसी संदीप अग्रवाल (मुन्ना चीनी वाला) की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर फायर लीडिंग ऑफिसर राजेश ने छात्राओं को आग लगने की संभावित वजहों, आग से बचाव के तरीकों और फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग की जानकारी दी। साथ ही एक लाइव डेमो भी दिया गया, जिसमें छात्राओं ने फायर सेफ्टी उपकरणों का प्रयोग कर अपनी समझ को और मजबूत किया। जेसी कपिल शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भविष्य की पीढ़ी को सुरक्षित रहना सिखाना है।



भिवानी। माध्यमिक विद्यालय में फायर सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

---

# सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण व पीआईडी संबंधित शिकायतों का तुरंत प्रभाव से समाधान करें: धर्मेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रोहतक नगर निगम कमिश्नर एवं भिवानी नगर परिषद के डीएमसी धर्मेंद्र सिंह ने मंगलवार को स्थानीय नगर परिषद कार्यालय में जिला के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएमसी धर्मेंद्र सिंह ने जिला में शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों को स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करवाने, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने, सीएम अनाउंसमेंट के तहत कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करवाने, अतिक्रमण से संबंधित शिकायतों पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई कर उन्हें हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीआईडी की समस्याओं को दूर करने और पीआईडी के स्वयं सत्यापित कार्यों में तेजी लाने के साथ-साथ निर्माण संबंधित विकास कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं का तुरंत प्रभाव से समाधान करें। नगर परिषद और नगर पालिका कार्यालय में नागरिकों को एक कार्य के लिए बार-बार ना आना पड़े। उन्होंने कहा कि जहां भी सफाई व्यवस्था से संबंधित कोई शिकायत आती है या अतिक्रमण से संबंधित कोई शिकायत आती है तो उसे पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करें। इस दौरान नप सचिव राजाराम, लेखाधिकारी सुनील कुमार, जेई आबिद हुसैन, सफाई निरीक्षक विकास देशवाल सहित नगर पालिका शिवानी, लोहारू और बवानीखेड़ा के विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।



भिवानी। अधिकारियों को निर्देश देते रोहतक नगर निगम कमिश्नर एवं भिवानी नगर परिषद के डीएमसी धर्मेंद्र सिंह।

---

*जिला खनिज कोष की समीक्षा बैठक हुई*

# भूमिगत जल स्तर सुधार व पर्यावरण संरक्षण को लेकर विस्तार से चर्चा

- अधिकारी अपने विभाग में गंभीरता से कार्य करें : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में जिला खनिज कोष की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से धर्मबीर सिंह और राज्यसभा सांसद किरण चौधरी मौजूद रही। प्रदेश की सिंचाई तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी वीसी के माध्यम से जुड़ी। बैठक के दौरान खनिज कोष के माध्यम से उपमंडल तोशाम में खनन क्षेत्र के दायरें में आने वाले गांवों में भूमिगत जल स्तर सुधार व पर्यावरण संरक्षण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से धर्मबीर सिंह और राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में फिलहाल खानक और खरकड़ी सोहान में खनन का कार्य हो रहा है।

खनन क्षेत्र के 15 किलोमीटर के दायरे में पर्यावरण संरक्षण और भूमिगत जल सुधार के साथ-साथ आमजन के स्वास्थ्य को लेकर विशेष ध्यान देना जरूरी है, जिसमें कुछ विकास कार्य भी शामिल होते हैं, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न रहे। वीसी के माध्यम से जुड़ी सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के साथ-साथ बैठक में मौजूद सांसद धर्मबीर सिंह और राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों के तहत इस खनन क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों को गंभीरता के साथ करें ताकि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि जनहित के लिए सरकार द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल, सीईओ जिला परिषद अजय चोपड़ा, तोशाम के एसडीएम डॉ. अशवीर नैन आदि मौजूद रहे।

---

# अधिकारी नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर तुरंत प्रभाव से करें कार्रवाई : किरण

## हलका तोशाम से संबंधित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लें। निर्माण संबंधी विकास कार्यों के तुरंत प्रभाव से एस्टीमेट बनाकर मुख्यालय भेजें।

विकास कार्यों के लिए पैसों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने फसल खरीद से संबंधित विभागों के अधिकारियों को मंडियों से सरसों के उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान को मंडियों में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। राज्यसभा सांसद सोमवार को शहर में विजय नगर स्थित अपने निवास स्थान पर तोशाम विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने कहा कि हल्का तोशाम में उनके अलावा सिंचाई तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी के दौरे होते हैं, जिनमें जन लोग अपनी समस्याएं रखते हैं। इस पर उनके द्वारा मौके पर मौजूद अधिकारियों को उचित एवं ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने लोगों की समस्याओं पर संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विकास एवं पंचायत विभाग, काढ़ा, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, मछली पालन विभाग आदि सभी जनता से जुड़े विभागों के अधिकारियों से कार्रवाई रिपोर्ट के बारे में जानकारी ली।



भिवानी। अधिकारियों को दिशा निर्देश देती सांसद किरण चौधरी।

---



भिवानी। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि।

# दो जरूरतमंद मरीजों के लिए सात युवाओं ने किया रक्तदाना

**भिवानी।** कई बार मरीज के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें अन्य व्यक्ति से रक्त लेने की आवश्यकता पड़ जाती है, ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में रक्त की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए, जिससे जरुरतमंद को जीवनदान मिल सकता है, ये जानकारी देते हुए शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बताया कि भिवानी के दो निजी अस्पतालो में देर रात दाखिल महिला मरीज के लिए छह यूनिट ऐ पॉजिटिव प्लेटलेट्स व एक अन्य अस्पताल में दाखिल गर्भवती महिला मरीज के लिए ऐबी पॉजिटिव होल ब्लड की जरूरत पड़ी। परिजनों ने कही भी ब्लड न मिलने पर रक्तवीर राजेश डुडेजा से सम्पर्क किया तो उन्होंने तुरंत ही सूचना व्हाट्सएप ग्रुप में डाली तो ब्लड बैंक में सक्रिय रक्तदाता विनोद मित्तल, तरुण, अजय, अशोक, सूरदर्शन, मनीष कौशिक व विनोद सरोहा ने पहुंचकर रक्तदान किया। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने रक्तदाताओं से कहा कि कई बार सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों या गर्भवती महिलाओं को रक्त की कमी की समस्या झेलनी पड़ती है।

---

# यदुवंशी स्कूल में छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

यदुवंशी स्कूल मंदोला में सोमवार को छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी कल्पनाओं और रंगों से अनेक सुंदर कलाकृतियों को साकार किया।

प्रतियोगिता में बच्चों को अपनी इच्छा अनुसार विषय चुनने की पूरी स्वतंत्रता दी गई, जिसका परिणाम उनकी रचनात्मकता और विविधता में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। विद्यार्थियों ने पर्यावरण, ग्रामीण जीवन, स्वतंत्रता संग्राम, और सांस्कृतिक विरासत जैसे विषयों पर खूबसूरत चित्र बनाकर सभी का मन मोह लिया। कला प्रदर्शन में विहान, दिशा और भूमिका ने उत्कृष्ट चित्र प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आस्था, हर्षिता और जीविका को द्वितीय स्थान मिला।

दीक्षा, हंसिका और दिशा ने भी शानदार प्रस्तुति देते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र यादव, डीन नौरंग लाल एवं विद्यालय के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सभी बच्चों की कलाकृतियां देखकर प्रशंसा की और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



---



# किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल ने कृषिमंत्री को सौंपा मांगपत्र

**चरखी दादरी।** किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से मुलाकात कर किसानों की समस्याएं रखी। जिला प्रधान रणधीर सिंह कुंगड के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र के माध्यम से बताया कि जिले का फसल बीमा सन 2023 का करीबन 150 करोड़ रुपये आज तक बकाया है। किसान सभा को पता चला है कि उपरोक्त फसल बीमा प्रदेश सरकार के दो बड़े राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा कंपनी के साथ सांठगाठ करके खुर्द बुर्द करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष में जिन किसानों ने अपनी फसल के बीमे का क्लेम किया था, आज तक कोई राशि उन्हें नहीं मिली है, ये बहुत बड़ा गोलमाल व किसानों के साथ सरासर धोखा है, किसान सभा इस मुददे को पहले भी उठा चुकी है, लेकिन आज तक न तो अधिकारियों तथा कर्मियों व संबंधित कंपनी के खिलाफ कोई कदम उठाया और न ही ऐसा करने की मंशा दिखाई दे रही। किसान सभा ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कर किसानों को उनका क्लेम दिलवाने व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

---

# आज होगी श्रीमद्भागवत कथा, भव्य कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यज ▶▶| भिवानी

शांति नगर, गली नंबर 13 में आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर एक विशेष आयोजन होने जा रहा है। 16 अप्रैल से 22 अप्रैल तक श्रीमद भागवत कृष्ण कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का रसपान करेंगे।

कथा का शुभारंभ 16 अप्रैल को प्रातः 9:15 बजे विशाल कलश यात्रा के साथ होगा, जो कोंट रोड स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक पहुंचेगी। यात्रा में सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लिए, भजन-कीर्तन करते हुए श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल होंगी। इस विशेष धार्मिक आयोजन की व्यवस्था चाणक्य कला मंच एवं कोशिक नाट्य नृत्य अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में की जा रही है। दोनों संस्थाएं क्षेत्र में सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए जानी जाती है और इस बार यह आयोजन ना केवल धार्मिक भावनाओं को जागृत करेगा, बल्कि समाज को एकता और सद्भाव का संदेश भी देगा। भागवत कृष्ण कथा के आयोजक अनिल वत्स और पवन कौशिक ने बताया कि कथा के दौरान भिवानी के विभिन्न प्रतिष्ठित व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। कथाव्यास कथा वाचक योगेन्द्र शशि भारद्वाज कथा का रसपान करवाएंगे।

---

**कार्यक्रम** दिव्यांग बच्चों ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

*आस्था स्पेशल स्कूल में संविधान निर्माता अंबेडकर की जयंती पर हुआ कार्यक्रम*

# बाबा साहेब की स्मृति में दिव्यांग बच्चों ने रोपित किए 11 फूलदार एवं औषधियुक्त पौधें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सिटी स्टेशन स्थित आस्था स्पेशल स्कूल में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जयंती पर उन्हें याद कर नमन किया। जयंती कार्यक्रम के दूसरे दिन स्कूल परिसर में 11 फलदार, फूलदार व औषधियुक्त पौधें रोपित कर बाबा साहेब की जयंती पर जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर अनूठे अंदाज में मनाया। पहले दिन अतिथियों, स्कूल स्टाफ व दिव्यांग विद्यार्थियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और बाबा साहेब के तीन मंत्र शिक्षित बनो, संघर्ष करो व संगठित रहो को आत्मसाध करने एवं जीवन में धारण करने की शपथ ली। उल्लेखनीय हैं कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में स्कूल परिसर में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें पहले दिन बाबा साहेब को श्रद्धांजलि एवं सांस्कृतिक कार्य प्रस्तुत एवं उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। दूसरे दिन बाबा साहेब की स्मृति में दिव्यांग बच्चों से 11 फलदार, फूलदार व औषधीयुक्त पौधें रोपित करवाएं गए। डॉक्टर अदिति कुलश्रेष्ठ ने दिव्यांग बच्चों के साथ बाबा साहेब को नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब प्रत्येक वर्ग का उत्थान करना चाहते थे। संस्था की प्राचार्या एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने बताया कि बाबा साहेब जैसे महापुरूषों की स्मृति में पौधें रोपित करना पर्यावरण सरंक्षण के साथ साथ उनकी स्मृति को जिंदा रखना हैं, जिन्होंने देश को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने देश का संविधान लिखा और प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार दिए। कार्यक्रम में डॉक्टर तरुण कुलश्रेष्ठ ने कहा कि बाबा साहेब का प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षित करना लक्ष्य था।



भिवानी। आस्था स्पेशल स्कूल में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर पौधरोपण करती प्राचार्या सुमन शर्मा, डॉ. तरुण कुलश्रेष्ठ व दिव्यांगजन।

**AUM KISAN SEWA KENDRA**
Dealer: Indian oil Corporation Limited
(A Govt. of India Enterprises)
VPO. Bhageshwari, Distt. Ch. Dadri (Haryana)
Mob. 9728644578, 9416129030

**आम सूचना**

फर्म ओ३म् किसान सेवा केन्द्र भागेश्वरी 31.03.2025 को आपसी सहमति से भंग की गई है। किसी व्यक्ति का फर्म से लेन देन है, तो 30 दिन के अन्दर जोगिन्द्र सिंह 9728644578 या सुरेन्द्र सिंह 9416129030 से सम्पर्क करें। 30 दिन के बाद कोई लेन देन मान्य नहीं होगा।

For M/s. Aum Kisan Sewa Kendra
Partner

## खबर संक्षेप


भिवानी। जरूरतमंद बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथि।

### जरूरतमंद बच्चों को वितरित किया स्टेशनरी का सामान

**तोशाम।** बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में गांव खानक के राजकीय विद्यालय में डॉ. भीमराव अम्बेडकर युवा विकास मंच की तरफ से जरूरमंद बच्चों को कॉपी, पेन आदि स्टेशनरी का सामान वितरित किया गया। वहीं विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को विकास मंच की तरफ से सम्मानित भी किया। इस दौरान मेधावी विद्यार्थी सम्मान पाकर तथा अन्य जरूरतमंद बच्चों स्टेशनरी का सामान प्राप्त करके काफी उत्साहित दिखाई दिए। बवानीखेड़ा थाना प्रभारी शिव कुमार, थाना तोशाम से अजय इंस्पेक्टर, संजय सरपंच, मंच के प्रधान वेदप्रकाश आदि मौजूद रहे।,


भिवानी। प्रबंध समिति व शिक्षकों के साथ ओवरऑल ट्रॉफी।

### आदर्श महिला कॉलेज की छात्राओं ने 5 पुरस्कार जीते

**भिवानी।** आदर्श महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रतिभा, रचनात्मकता व आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन कर पांच पुरस्कार अर्जित किए। हिंदी कविता में प्रथम स्थान, रंगोली में द्वितीय स्थान, नृत्य में द्वितीय स्थान, पोस्टर मेकिंग में तृतीय स्थान, वाद-विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान छात्राओं को नकद पुरस्कार प्रथम स्थान को 2100 रूपये, द्वितीय स्थान को 1500 रूपये, तृतीय स्थान को 1100 रूपये प्राप्त हुए। स्पर्धा में साहित्यिक एवं ओवरऑल ट्रॉफी जीतकर आदर्श महिला महाविद्यालय ने अपनी श्रेष्ठता का प्रमाण दिया। इस मौके पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव अशोक बुवानीवाला ने छात्राओं को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में इसी प्रकार ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया।

# आगे बढ़ो का नारा देने वाले सच्चे देश भक्त थे डॉ. भीम राव अंबेडकरः गोयल


## संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर किया गया प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

**खास बातें**

- प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्वयंसेवको की 11 टीमों ने भाग लिया
- प्रतियोगिता में विजेता स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया

डॉ भीमराव अंबेडकर ने हमेशा शोषितों, वंचितों और महिलाओं के लिए कार्य किया है। उन्होनें शिक्षित बनो, संगठित रहो ,आगे बढ़ो का नारा दिया वो वास्तव में एक सच्चे देश भक्त थे यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कही।वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कामना कौशिक के मार्गदर्शन में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्वयंसेवको की 11 टीमों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। डीन युवा कल्याण प्रो धीरज त्रिखा ने विजेता स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमें संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को अपनाते हुए संघर्षो से हारनहीं माननी चाहिए उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह हथियार है जिससे हम सब सपनों को साकार कर सकते हैं। महाविद्यालय की एन एस एस इकाई एक की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कामना कौशिक ने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में एन एस एस इकाई एक के स्वयंसेवको ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों से संविधान विषय पर विभिन्न सवाल पूछे गए। स्वयंसेवकों ने उन सवालों का पूरे उत्साह व जोश केसाथ जवाब दिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के परिणाम की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्रेस प्रवक्ता ललित शर्मा ने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम एक की छात्रा प्रियंका व सरिता ने प्रथम स्थान,टीम पांच की छात्रा मोनिका व निकिता ने द्वितीय स्थान व टीम सात की छात्रा सकीना छात्र कौशल व छात्र अश्विनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



भिवानी। कैडेटस के साथ उपस्थित प्राचार्य व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य डॉ संजय गोयल, डीन युवा कल्याण प्रो धीरज त्रिखा, स्पोर्ट्स बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र दलाल एवं एन एस एस इकाई एक की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कामना कौशिक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में एन एस एस इकाई एक के स्वयंसेवक, प्रयोगशाला सहायक दलबीर सिंह व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

## कृषि मंत्री श्यामसिंह राणा ने सुनीं लोगों की समस्याएं

# कष्ट निवारण समिति की बैठक में रखे 15 परिवाद, 6 का मौके पर किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

**»** कृषिमंत्री ने जेएलएन स्कूल प्रबंधन को दो दिन के अंदर शिक्षकों का बकाया वेतन देने के दिए निर्देश

**»** टूटी सड़कों का 15 जून तक होगा सुधारः कृषिमंत्री

पूरे प्रदेश में 15 जून तक सभी टूटी सड़कों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा के अनुसार प्रदेश की सभी सड़कों की हालात के सुधार के लिए रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। दादरी जिले में ओवरलोड और अवैध खनन के कारण हो रहे नुकसान को लेकर कड़े कदम उठाए जाएंगे, ये बात कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। बैठक में रखे गए कुल 15 परिवादों में से मौके पर ही छह का समाधान कर दिया और चार शिकायत पर जल्द कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा 5 शिकायतों को अगली बैठक में सुनवाई के लिए लंबित रखा गया है।

सड़कों की मरम्मत को लेकर शिकायतों की सुनवाई करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और सरकार निर्णय लिया है कि आगामी 15 जून तक पूरे प्रदेश की सभी टूटी हुई सड़कों की मरम्मत करके सुधार किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से टूटी हुई सड़कों की रिपोर्ट तैयार करवा ली गई है और उस पर कार्य करने के लिए प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।


भिवानी। कष्ट निवारण समिति में मामलों की सुनवाई करते कृषिमंत्री श्यामसिंह राणा।

अवैध खनन और वाहनों को लेकर रखी गई शिकायत पर कृषि मंत्री ने कहा कि ओवरलोड कई इलाकों की समस्या है, इस पर लगाम लगाने के लिए पुलिस और जिला प्रशासन के अलावा विशेष टीम में भी लगाई गई है। फिलहाल जिला में अवैध खनन का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। मामले में विधायक उमेद पातुवास ने कहा कि उन्होंने स्वयं अवैध खनन का मामला विधानसभा में उठाया था और लिखित में मुख्यालय को शिकायत की है। अवैध खनन को लेकर लगातार मॉनिटरिंग करते हुए जांच जारी रहनी चाहिए। बिजली निगम से संबंधित ट्यूबवेल कनेक्शन का स्थान परिवर्तित करने की शिकायत पर कृषि मंत्री ने विभाग को अगले 7 दिन में समाधान के निर्देश दिए। फर्जी प्रॉपर्टी आईडी बनाकर प्लाट की रजिस्ट्री करने के मामले में उन्होंने कहा कि अगली बैठक में संबंधित मालिक को बुलाया जाए और रजिस्ट्री रद्द करवाने के लिए संबंधित विभाग कोर्ट में मामला डाले। बैंक के द्वारा डिफाल्टर घोषित करने के मामले में ट्रिब्यूनल ने शिकायतकर्ता के पक्ष में फैसला दिया है। इस पर मंत्री ने निर्देश दिए कि निर्धारित समय अवधि में पीड़ित को मुआवजा दिया जाए और साथ ही उसकी सिबिल को ठीक किया जाए।

### स्कूल के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुख्यालय को निर्देश

*बैंक खाता से हिस्सा निकालने के मामले में मंत्री राणा ने निर्देश दिए कि अगले 10 दिन के अंदर शिकायतकर्ता को उनके हिस्से का पैसा उपलब्ध करवाया जाए। बाजरे की फसल को दो महीने बाद गुणवत्ता के आधार पर रद्द करने और धोखाधड़ी करने के मामले में कृषि मंत्री ने कहा कि शिकायतकर्ता को उसकी फसल के पैसे दिलवाएं और ऐसे अन्य मामलों में भी कार्रवाई की जाए। विधायक उमेद पातुवास ने कहा कि ऐसे अन्य मामले भी हो सकते हैं, ऐसे में इसकी जांच करना जरूरी है। इस पर मंत्री राणा ने नायब तहसीलदार से जांच करवाने के निर्देश दिए। जेएलएन स्कूल के खिलाफ अध्यापकों को वेतन नहीं देने की शिकायत पर मंत्री ने निर्देश दिए कि दो दिन के अंदर अध्यापकों का बकाया वेतन उपलब्ध करवाया जाए। इस मामले में उपायुक्त मुनीष शर्मा ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से एक रिपोर्ट तैयार करें और स्कूल के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुख्यालय को लिखा जाए।*

### आयुष्मान कार्ड को लेकर निजी अस्पताल के खिलाफ रखी शिकायत

आयुष्मान कार्ड को लेकर एक निजी अस्पताल के खिलाफ आई शिकायत को मंत्री ने लंबित रखा है। इस मामले में उपायुक्त मुनीश शर्मा स्वयं दोनों पक्षों से मिलकर रिपोर्ट तैयार करेंगे। अवैध कालोनी को लेकर रखी गई शिकायत पर कृषि मंत्री ने निर्देश दिए की मामले की जांच बहुत जरूरी है। उन्होंने उपायुक्त को किसी उच्च अधिकारी से जांच करवाने के निर्देश दिए हैं। इस पर उपायुक्त ने एसडीएम बाढड़ा को जांच अधिकारी नियुक्त किया है और कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जिला नगर योजनाकार और उनके कार्यालय के जेई के खिलाफ जो आरोप लगाए हैं, अगर वह सही पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में विधायक उमेद पातुवास, जिला परिषद के चेयरमैन मनदीप डालावास, उपायुक्त मुनीश शर्मा, पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा, सीटीएम जितेन्द्र सहित समिति के सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


भिवानी। टिबड़ेवाल सभागार में समाजसेवी स्व. सेठ गोविंदराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सेठ गोविंदराम टिबड़ेवाल को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दिनोद गेट स्थित गोविंदराम टिबड़ेवाल सभागार में मंगलवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर श्री अग्रवाल सभा भिवानी, जेसीआई भिवानी स्टार, पुरानी अनाज मंडी, श्रीअग्रवंश परिवार, कास्मैटिक एसोसिएशन द्वारा जाने-माने उद्योगपति एवं समाजसेवी सेठ गोविंदराम टिबड़ेवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा समाज उत्थान में उनके द्वारा किए गए कार्यो की जानकारी दी।

कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके अलावा दक्षिणा व प्रसाद देकर सत्कार किया। सभी ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर श्री अग्रवाल सभा भिवानी के पूर्व महासचिव राजकुमार दिनोदिया, जेसीआई भिवानी स्टार के प्रधान संदीप अग्रवाल उर्फ मुन्ना चीनीवाला, पुरानी अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान संजय सिंगला, श्रीअग्रवंश परिवार के प्रधान नरेश गोयल, पूर्व पार्षद नरेंद्र सर्राफ, विजय कुम्हारीवाला ने बताया कि सेठ गोविंदराम टिबड़ेवाल का निधन बीते 3 अप्रैल को मुंबई में उनके निवास स्थान पर हुआ था, जिनकी मंगलवार को रस्म पगड़ी थी।

ऐसे में उन्हे श्रद्धांजलि देने के लिए उनके द्वारा ही बनवाए गए स्थानीय टिबड़ेवाल सभागार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि सेठ गोविंदराम टिबड़ेवाल के निधन से जो रिक्तता समाज में उत्पन्न हुई है, उसकी भरपाई कठिन है, लेकिन उनका कार्य और विचार हमेशा लोगों को प्रेरणा देते रहेंगे।

### बौंद ने तिगड़ाना व बहु अकबरपुर ने बौंद को हराया 11 दिवसीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट जारी



**भिवानी।** रणजी खिलाड़ी स्वर्गीय अमित वशिष्ठ की याद में अमित वशिष्ठ फाउंडेशन ने गांव रेवाड़ी खेड़ा स्थित ठाकुर आजाद सिंह स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 11 दिवसीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मंगलवार को भी जारी रही। इस दौरान पहले मैच का शुभारंभ भूषण ने किया तथा दूसरे मैच का शुभारंभ रीतिक ने किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि पहला मैच तिगड़ाना व बौंद की टीम के बीच हुआ, जिसमें बौंद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 179 रन बनाए। मैच में प्रदीप ने सर्वाधिक 50 रन तथा चंद्रपाल ने 49 रन बनाए।

### आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में पोषण पखवाड़े का आयोजन



बवानीखेड़ा। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व शिक्षक।

**बवानीखेड़ा।** मिलकपुर के आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में आयोजित प्रातःकालीन सभा में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नितीश मिश्र ने पोषण पखवाड़ा की शुरुआत की घोषणा की और बच्चों को इसके महत्व के बारे में बताया। उन्होंने संतुलित आहार, पोषणयुक्त भोजन एवं दैनिक जीवन में इसके प्रभाव पर प्रकाश डाला। सभा के दौरान हिंदी अध्यपिका स्वीटी ने बच्चों को यौन अपराधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को सजग रहते हुए, किसी भी असहज स्थिति में सही प्रतिक्रिया देने और अपने अधिकारों को समझने की सलाह दी। पोषण पखवाड़ा विषय पर ही शिक्षिका श्रीमती मंजुलता ने भी छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने अच्छा और पौष्टिक भोजन खाने, समय पर भोजन करने और खाने में विविधता बनाए रखने की आदतों पर बल दिया। इसके अतिरिक्त, शिक्षा में तकनीकी एकीकरण विषय पर लीगल लिटरेसी क्लब प्रमुख श्री देवदत्त ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

## अभिभावकों व बच्चों को दी प्ले स्कूल में मिलने शिक्षा संबंधी जानकारी

आंगनबाड़ी केंद्र में रेडिनेस मेले का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ओबरा गांव के प्ले स्कूल (आंगनवाड़ी केंद्र) में रेडिनेस मेले का आयोजन किया। मेले में शामिल गांव की महिलाओं और बच्चों को विभाग द्वारा प्ले स्कूल में मिलने वाली सुविधाएं और बच्चे को दी जाने वाली शिक्षा के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताकर उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मेले का शुभारंभ विभाग की सुपरवाइजर वंदना ने किया। मंगलवार को आयोजित मेले में सुपरवाइजर वंदना ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्ले स्कूल में बदलना सरकार का विशेष उद्देश्य है। प्रदेश सरकार की योजना है कि स्कूली स्तर तक आने तक बच्चे का शैक्षिक, सामाजिक, भावनात्मक व शारीरिक विकास किया जाए। इन प्ले स्कूलों में बच्चों को भाषा व गणित की जानकारी खेल व शिक्षा सामग्री के माध्यम से दी जाएगी तथा शिक्षा का बच्चे पर कोई दबाव नहीं रहेगा। प्ले स्कूलों में बच्चों को भयमुक्त एवं आनंदपूर्ण वातावरण में रखते हुए उन्हें पूर्ण रूप से स्कूल के लिए तैयार करेंगे। प्ले स्कूलों से जब बच्चे स्कूलों जाएंगे तो वे शैक्षिक माहौल के लिए पूरी तरह से तैयार होंगे। मेले में प्ले स्कूल अध्यापिका सीमा ओबरा द्वारा अभिभावकों से अपील की गई कि अपने बच्चों को इन प्ले स्कूल में अवश्य भेजे। सुपरवाइजर वंदना द्वारा पोषण अभियान के तहत महिलाओं को कुपोषण मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई गई। इस आयोजन में सुमन, ज्योति, सुमित्रा, मायापति, सोनिया, पिंकी, पूनम के अलावा कुसुम, भारती, नेहा, हर्षिता, गगन, नंदिनी आदि मौजूद रहे।


बहल। ओबरा गांव के प्ले स्कूल में अभिवावकों को जानकारी देती कार्यकर्ता।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि छोटी काशी में कला संस्कृति और साहित्य की बह रही बयार

# सांस्कृतिक गतिविधियों से होता है संस्कृति का आदान-प्रदान

### अपने हुनर से कलाकार बनाता है अपनी अलग पहचान, जिला भिवानी कला प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि सामाजिक, धार्मिक, खेल जगत एवं सांस्कृतिक मामलों में छोटी काशी भिवानी का कोई सानी नहीं है। यहां की प्रतिभाओं ने समय-समय पर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय फलक पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सांस्कृतिक गतिविधियों से ही संस्कृति का आदान प्रदान होता है। विधायक सर्राफ अंबेडकर जयंती के अवसर ब्राईट लाइट प्रोडक्शन हाउस द्वारा पंचायत भवन में लोक सांस्कृतिक एवं प्यार धोखा कामयाबी फिल्म प्रिमियर शो समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। डीसी महावीर कौशिक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के दौरान डीसी ने एक प्रेरणादायक रागनी की जोरदार प्रस्तुति दी। विधायक ने कहा कि भिवानी के कलाकार सदैव उनके लिए सम्मानित हैं। कलाकार को किसी भी बंधन में बांधा नहीं जा सकता। वे हमेशा सांस्कृतिक भावनाओं को सम्मान देने के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा वे इस टीम की कार्यशैली से बेहद खुश हैं और जब भी यह टीम अपनी अगली फिल्म बनाएगी, उनकी ओर से भरपूर सहयोग दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त कौशिक ने लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फिल्म प्रिमियर शो को शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभागार में मौजूद तमाम गणमान्य नागरिकों एवं कलाकारों को बधाई देते हुए कहा कि सचमुच भिवानी में कला संस्कृति और साहित्य की बयार बहती हैं। यहां के कलाकारों का सचमुच कोई मुकाबला नहीं है। यही वजह है कि हरियाणा भर में भिवानी को खेल जगत एवं कला की नगरी भी कहा जाता है।


भिवानी। फिल्म के प्रीमियर शो के दौरान मुख्यअतिथि को स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### भिवानी सांस्कृतिक गौरव के लिए भी देश दुनिया में एक रखती है अलग पहचान

*इस दौरान चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के युवा कल्याण विभाग की निदेशिका डॉ सोनल शेखावत ने भी अपने विचार रखे और कहा कि हर क्षेत्र नाम कमाने वाली भिवानी अपने सांस्कृतिक गौरव के लिए भी देश दुनिया में एक अलग पहचान रखती है। उन्होंने फिल्म के निर्माता-निर्देशक अभिषेक मेहरा, सहयोगी कलाकार एवं प्रशासनिक अधिकारी रमन शांडिल्य, कवि वीएम बेचैन, विकास यशकीर्ति एवं अन्य टीम से जुड़े कलाकारों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान सह निर्माता मोनिका हुड्डा ने सिंगापुर से अपना बधाई संदेश भेजा। कार्यक्रम में गुलाब सिंह मेहरा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पवन बुवानीवाला, केएम पब्लिक स्कूल से मनीष सिंघानिया, डॉ.कर्ण पूनिया, डॉ.वंदना पूनिया, डॉ. सतीश आर्य, डॉ अत्तर सिंह यादव, गुलाब सिंह मेहरा, दयावंती, डॉ. हरिकेश पंघाल, कौशल भारद्वाज, डॉ. विनोद कौशिक, एपी दहिया अमिता शमा वैशाली, दीप, मोहित, दीक्षांत, आयुषी व अंकित सहित नगर के अनेक गणमान्य और कलाकार उपस्थित थे।*